http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

MP BOARD CLASS 12 PAPER 2015

समाजशास्त्र : कक्षा—XII

खण्ड 'अ'

1. निम्न में से सही विकल्प चुनकर लिखिए— 5 × 1 = 5

(i) भारत का संविधान किस सन् में लागू हुआ ?

(अ) सन् 1949 (ब) सन् 1950

(स) सन् 1951 (द) सन् 1952।

(ii) भारत का सामान्य ग्रामीणों में जनसंचार के किस साधन का प्रचलन सबसे अधिक है ?

(अ) रेडियो (ब) चलचित्र

(स) समाचार-पत्र (द) टेलीविजन।

(iii) सिक्ख धर्म की स्थापना किसने की ?

(अ) बाबा राम सिंह (ब) गुरु गोविन्द सिंह

(स) गुरु तेग बहादुर (द) गुरु नानक।

(iv) 'भारत में जाति तथा वर्ग' पुस्तक के लेखक का नाम हैं—

(अ) डॉ. भगवान दास (ब) के. एम. कापड़िया

(स) जी. एस. घुरिये (द) डी. पी. मुकर्जी।

(v) निम्नांकित में से कौन-सी एक दशा औद्योगिक समाज की विशेषता नहीं है ?

(अ) हस्तशिल्प का विकास (ब) बड़ी मात्रा में उत्पाद

(स) व्यक्तिगत लाभ की प्रवृत्ति (द) नयी प्रौद्योगिकी का प्रयोग।

उत्तर—(i) (ब), (ii) (अ), (iii) (द), (iv) (स), (v) (अ)।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए— 5 × 1 = 5

(i) परिवार, पड़ोस तथा नातेदारों द्वारा दी जाने वाली शिक्षा को .... शिक्षा कहा जाता है।

(ii) भारत में पहली राष्ट्रीय जनसंख्या नीति सन् .... में घोषित की गई।

(iii) भारत में राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना सन् .... में की गई।

(iv) भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना सन् .... में लागू हुई।

(v) भारत में "रामकृष्ण मिशन" की स्थापना .... ने की।

उत्तर—(i) अनौपचारिक, (ii) 1976, (iii) 1992, (iv) 1951, (v) स्वामी विवेकानन्द।

3. निम्नलिखित के लिए सत्य/असत्य लिखिए— 5 × 1 = 5

(i) भारत में मलिन बस्तियों की समस्या आधुनिकीकरण का परिणाम नहीं है।

(ii) प्रभु जाति की अवधारणा एम. एन. श्रीनिवास ने प्रस्तुत की।

(iii) अध्ययन के उपागम का अर्थ अध्ययन के लिए वैज्ञानिक पद्धति का प्रयोग करना है।

(iv) "सोशल चेन्ज इन मॉडर्न इण्डिया" पुस्तक के लेखक का नाम ए. आर. देसाई है।

(v) भारत में भूमि सुधार की प्रक्रिया सन् 1935 से आरम्भ हुई।

उत्तर—(i) सत्य, (ii) सत्य, (iii) असत्य, (iv) असत्य, (v) असत्य।

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

4. सही जोड़ियाँ मिलाइए— 5 × 1 = 5

'अ'	'ब'
(1) गौतम बुद्ध का बचपन का नाम	(अ) देवेन्द्रनाथ टैगोर
(2) वर्द्धमान महावीर	(ब) सिद्धार्थ
(3) सर्वशिक्षा अभियान	(स) एक सामाजिक समझौता
(4) मुस्लिम विवाह	(द) सन् 2001
(5) शान्ति निकेतन	(इ) जैन धर्म

उत्तर—(1) → (ब), (2) → (इ), (3) → (द), (4) → (स), (5) → (अ)।

5. एक शब्द में उत्तर लिखिए— 5 × 1 = 5

(i) भारत में "अनुसूचित जाति" शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसके द्वारा किया गया ?

(ii) भारत में दहेज निरोधक अधिनियम किस वर्ष में पारित हुआ ?

(iii) भारत में राष्ट्रीय बीज निगम की स्थापना किस वर्ष की गई ?

(iv) उस क्रान्ति का नाम क्या है जिसका सम्बन्ध भारत में कृषि उत्पादन में तीव्र वृद्धि होने से है ?

(v) भारत में किस प्रधानमन्त्री ने यहाँ उदारीकरण की प्रक्रिया को आरम्भ किया ?

उत्तर—(i) साइमन कमीशन, (ii) सन् 1961, (iii) सन् 1963, (iv) हरित क्रान्ति, (v) नरसिम्हा राव।

खण्ड 'ब'

6. भारत में पाए जाने वाले चार धर्मों के नाम लिखिए। 2

अथवा

हमारे देश की किन्हीं चार पवित्र नदियों के नाम लिखिए।

7. ग्रामीण जीवन (समुदाय) की दो विशेषताएँ लिखिए। 2

अथवा

जाति की एक परिभाषा लिखिए।

8. उपागम का अर्थ क्या है ? 2

अथवा

अध्ययन के चार उपागमों के नाम लिखिए।

9. भारत में शिक्षा की चार समस्याएँ लिखिए। 2

अथवा

जनसंचार के साधनों के चार दुष्प्रभाव लिखिए।

10. सामाजिक विचलन के दो कारण लिखिए। 2

अथवा

हिंसा के दो प्रकार लिखिए।

11. राष्ट्रीय एकता के कोई चार सुझाव लिखिए। 4

अथवा

भारतीय संविधान द्वारा स्वीकृत चार भाषाओं के नाम लिखिए।

12. जाति व्यवस्था की कोई चार विशेषताएँ लिखिए। 4

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

अथवा

जाति तथा वर्ग में कोई चार अन्तर लिखिए।

13. भारत में नगरीय समुदाय की विशेषताएँ लिखिए। (कोई चार) 4

अथवा

भारत में जनजातियों की चार विशेषताएँ लिखिए।

14. संयुक्त परिवार की चार विशेषताएँ लिखिए। 4

अथवा

मुस्लिम विवाह की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।

15. बौद्ध धर्म की चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 4

अथवा

पंचऋण से आप क्या समझते हैं ? लगभग सत्तर शब्दों में समझाइए।

16. भारत में नगरीकरण की चार समस्याओं को समझाइए। 4

अथवा

पश्चिमीकरण की चार विशेषताएँ लिखिए।

17. शिक्षा की दो परिभाषाएँ लिखिए। 4

अथवा

शिक्षा के चार प्रमुख उद्देश्य लिखिए।

18. भारत में जनसंख्या वृद्धि के पाँच कारणों को समझाइए। 5

अथवा

भारत में जनांकिकी की पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

19. भारतीय संस्कृति की परम्परागत विशेषताएँ लिखिए। (कोई पाँच) 5

अथवा

भारत में राज्य के सामने कौन-सी चुनौतियाँ हैं ?

20. भारत में अल्पसंख्यकों की समस्याएँ लिखिए। (कोई पाँच) 5

अथवा

भारतीय समाज में कामकाजी महिलाओं की समस्याओं को समझाइए।

21. भारतीय संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकारों का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

भारत में नियोजन के उद्देश्य लिखिए।

22. सामाजिक आन्दोलन की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 5

अथवा

भारत में अपराध के सामान्य कारण लिखिए।

23. संयुक्त परिवार क्या है ? संयुक्त परिवार के गुणों (कार्य) का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

हिन्दू विवाह की परिभाषा एवं हिन्दू विवाह के परम्परागत प्रकार लिखिए।

24. वैश्वीकरण का क्या अर्थ है ? वैश्वीकरण की विशेषताएँ लिखिए। 6

अथवा

नव-मध्यम वर्ग से आप क्या समझते हैं ? नव-मध्यम वर्ग की विशेषताओं को समझाइए।

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com